लोक शिक्षण संचालनालय
बेस –लाइन टेस्ट 2021

दिनांक – कक्षा–12 विषय – जीव विज्ञान

समय – 60 मिनिट कुल अंक = 40

प्राप्तांक =

छात्र/छात्रा का नाम –

स्कूल का नाम –

नोट–

1. सभी प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के है।
2. प्रत्येक प्रश्न का 1 अंक निर्धारित है।
3. इस प्रश्न पत्र में दो भाग है , भाग एक में समस्त प्रश्न बेसिक स्तर अर्थात छ.2 ;कक्षा 10द्ध के हैए तथा भाग दो में समस्त प्रश्न पूर्व कक्षा अर्थात छ.1 ;कक्षा 11) के है।
4. च्तज । एवं च्तज ठ में पृथक–पृथक 08 अंक लाने वाले विद्यार्थी ही उस भाग में उत्तीर्ण ही माने जाएंगे।

इनमें से आपके पास कौनसा डिजिटल संसाधन प्रतिदिन उपयोग हेतु उपलब्ध है? (सही विकल्प में टिक लगाएं)	1 ☐	व्हाट्सएप
	2 ☐	टीवी
	3 ☐	कोई भी नहीं

***

Part A

प्रश्न -1 वर्गीकरण की सबसे छोटी इकाई क्या है –

अ) कुल ब) वंश स) जाति द) गण

प्रश्न - 2 निम्नलिखित में से कौन एक कोशिकीय यूकैरियोटिक जीव है –

अ यूग्लीना ब) पैरामीशियम

स अमीबा द) उपरोक्त सभी

प्रश्न - 3 मगरमच्छ किस वर्ग का प्राणी है –

अ) उभयचर ब) सरीसृप

स) स्तनपायी द) मत्स्य

प्रश्न - 4 निम्नलिखित में से कौन सा एक संक्रामक रोग नहीं है-

अ) खांसी जुकाम ब) एड्स

स) कैंसर द) इनफ्लुएंजा

प्रश्न - 5 फुफ्फुस धमनी में किस प्रकार का रक्त प्रवाहित होता है –

अ) शुद्ध रक्त ब) अशुद्ध रक्त

स) दोनों द) उपरोक्त में से कोई नहीं

प्रश्न - 6 पौधों में जाइलम उत्तक किस कार्य हेतु उत्तरदाई होता है –

अ) जल का संवहन ब) भोजन का संवहन

स) अमीनो अम्ल का संवहन द) ऑक्सीजन का संवहन

प्रश्न - 7 दो तंत्रिका कोशिकाओं का संगम स्थल क्या कहलाता है –

अ) सिनेप्स ब) माईलिन शीथ

स) एक्सोलीमा द) आवेग

प्रश्न -8 प्रतिवर्ती क्रिया का नियंत्रण मस्तिष्क का कौन सा भाग करता है –

अ) सेरीब्रम ब) मेरूरज्जु

स) मध्य मस्तिष्क द) हाइपोथैलेमस

प्रश्न -9 अलैंगिक जनन की विधि है –

अ) मुकुलन ब) खंडन

स) पुनरूदभवन द) उपरोक्त सभी

प्रश्न 10- निम्नलिखित में से कौन से भाग किसी पुष्प के लैंगिक भाग हैं -

अ) पुमंग ब) जायांग

स) बाहय दल द) पुमंग व जायांग दोनों

प्रश्न 11- मेंडल नामक वैज्ञानिक ने अपना प्रयोग किस पौधे पर किया था –

अ) मटर पर ब) चने पर

स) मूंगफली पर द) गेहूं पर

प्रश्न 12 -निम्नलिखित में से कौन सा समजात अगों का उदाहरण है –

अ) हमारे हाथ तथा कुत्ते के अगz पाद

ब) चमगादड़ व पक्षी के पंख

स) तितली व पक्षी के पंख

द) चमगादड़ व तितली के पंख

प्रश्न 13 किसी पुष्प के पराग कणों का एक पुष्प से दूसरे पुष्प तक पहुचना कहलाता है –

अ) निषेचन ब) परागण

स) सयोजन द) वितरण

प्रश्न 14 अपशिष्ट पेय जल द्वारा कौन सा रोग होता है –

अ) कैंसर ब) एड्स

स) एंथ्रेक्स द) हैजा

प्रश्न 15 दिए गए विकल्पों में से कौन से कारक जल प्रदूषण हेतु उत्तरदायी हैं -

अ) उद्योगों से निष्काषित जल

ब) अनैच्छिक पदार्थों का जलाशयों में मिलना

स) शहरी अपशिष्ट जल का नालों में मिलना

द) उपरोक्त सभी

प्रश्न 16 निम्नलिखित में से नाइट्रोजन किन जैव अणुओं में पाया जाता है –

अ) प्रोटीन ब) डी एन ए

स) आर एन ए द) उपरोक्त सभी

प्रश्न 17 निम्नलिखित में से मानव नेत्र के भाग कौन से हैं -

अ) कॉर्निया ब) लेंस

स) रेटीना द) उपरोक्त सभी

प्रश्न 18 मधुमक्खी का वैज्ञानिक नाम है –

अ) एपीस इंडिका ब) बोस बुवालिस

स) बोस इंडिक द) अलिफस इंडिकस

प्रश्न 19 जिन पैरेंकाइमा ऊतक में क्लोरोफिल पाया जाता है उन्हें क्या कहते हैं –

अ) स्क्लेरेंकायमा ब) क्लोरेंकायमा

स) पैरेंकाइमा द) कोलेन काईमा

प्रश्न 20 निम्नलिखित में से कौन सा पेशीय उत्तक का प्रकार है-
–

अ) रेखित ब) अरेखित

स) हृदयक द) उपरोक्त सभी

Part B

प्रश्न 21 कवको का अध्ययन क्या कहलाता है -

अ) फाइकोलोजी ब) एल्गोलोजी

स) मायकोलोजी द) मायोलोजी

प्रश्न 22 कवक व शैवाल के बीच की संयोजी कड़ी क्या है
–

अ) माइकोराइजा ब) लाइकेन

स) यूग्लीना द) स्पाइरोगायरा

प्रश्न 23 निम्नलिखित में से कौन एक उभयचर जीव है-

अ) मछली ब) मेढक

स) चमगादड़ द) छिपकली

प्रश्न 24 किसी उभयचर जीव के हृदय में कितने कक्ष पाए जाते हैं -

अ) 2 ब) 3

स) 4 द) 1

प्रश्न 25 किसी पौधे की जड़े किस भाग से विकसित होती हैं-

अ) मूलाकुर से ब) प्रांकुर से

स) बीजपत्र से द) प्रांकुर चोल से

प्रश्न26 वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आलू क्या है -

अ) तना ब) जड़

स) फल द) फूल

प्रश्न 27 हैवर्सियन तंत्र किसमे पाया जाता है -

अ) उपास्थि में ब) रक्त में

स) अस्थि में द) संयोजी ऊतक में

प्रश्न 28 रुधिर किस प्रकार का ऊतक है -

अ) संयोजी ब) तंत्रिका

स) पेशीय द) मुलायम

प्रश्न 29 वह विभाजन जिसमे एक कोशिका से चार कोशिकाएं बनती है - क्या कहलाता है,–

अ) समसूत्री ब) असूत्री

स) अर्धसूत्री द) विषमसूत्र

प्रश्न 30 जीन विनिमय की क्रिया किसमें होती है -

अ) समान लम्बाई के गुणसूत्रों के बीच

ब) असमजात गुणसूत्रों के बीच

स) मध्य समजात गुणसूत्रों के

द) किन्ही दो गुणसूत्रों के बीच

प्रश्न 31 डीएनए के दोनों सूत्रों के मध्य निम्नलिखित में से कौन सा बंध होता है

अ) ग्लाइकोसिडिक बंध

ब) हाइड्रोजन बंध

स) फोस्फो ऐस्टर बंध

द) पेप्टाइड बंध

प्रश्न 32 सबसे मीठी शर्करा का नाम क्या है-

अ) सुक्रोस ब) ग्लूकोस

स) स्टार्च द) फ्रक्टोस

प्रश्न 33 बिलीरुबिन किस मे पाया जाता है-

अ) जठरस में ब) पित्त रस में

स) अग्नाशयी रस में द) आन्त रस में

प्रश्न 34 रक्त का शुद्धीकरण किस भाग में होता है-

अ) फेफड़ों में ब) वृक्क में

स) हृदय में द) ग्रंथियों में

प्रश्न 35 हाइड्रोपोनिक्स किसे कहते हैं

अ) मृदा हीन कृषि को

ब) जलीय पौधे उगाने को

स) अधिक मात्रा में पादप उगाने को

द) मरूस्थलीय पादप उगाने को

प्रश्न 36 प्रकाश संश्लेषण की क्रिया पौधे के किस भाग में संपन्न होती है

अ) केंद्रक में ब) माइटोकॉन्ड्रिया में

स) क्लोरोप्लास्ट के ग्रेना में

द) रिक्तिकओं में

प्रश्न 37 इंसुलिन मानव शरीर में किस अंग द्वारा स्रावित होता है -

अ)आंत से ब) जठर रस से

स) यकृत से द) अग्नाशय से

प्रश्न 38 संकटकालीन हार्मोन किसे कहते हैं –

अ) वेसोप्रेस्सिन को ब) एड्रिनेलिन को

स) ऑक्सीटॉसिन को द) थायरोक्सिन को

प्रश्न 39 निम्नलिखित में से ओजोन परत के क्षय का प्रमुख कारण कौन सी गैस है –

अ) क्लोरोफ्लोरोकार्बन ब) कार्बन डाइऑक्साइड

स) मीथेन द) अमोनिया

प्रश्न 40 अम्लीय वर्षा के लिए कौन उत्तरदाई होता है –

अ) मीथेन एवं अमोनिया

ब) सल्फर डाइऑक्साइड एवं नाइट्रोजन डाइऑक्साइड

स) कार्बन डाइऑक्साइड एवं एथेन

द) अमोनिया एवं जल